भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 4905

सोमवार, 23 मार्च, 2026/02 चैत्र, 1948 (शक)

युवाओं के बीच बेरोजगारी

4905. श्री बापी हलदर:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2025 से देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 29 वर्ष की आयु के बेरोजगार युवाओं की संख्या कितनी है और वर्तमान साप्ताहिक स्थिति सहित माह-वार और राज्य/संघराज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार शहरी बेरोजगारी दर 14.7 प्रतिशत है और महिलाओं के लिए यह दर 20.1 प्रतिशत है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ग): रोजगार और बेरोजगारी का आधिकारिक डाटा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) द्वारा एकत्र किया जाता है जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से आयोजित किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जनवरी 2025 से पीएलएफएस को नया रूप दिया है। पीएलएफएस वर्ष 2017 से वार्षिक आधार पर और 2018 से तिमाही शहरी अनुमानों के साथ आयोजित किया गया है। इसके अतिरिक्त, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जनवरी, 2025 से मासिक और त्रैमासिक ग्रामीण अनुमान जारी किए जाते हैं। बढ़ी हुई आवृत्ति और मौसमी परिवर्तनों के कारण मासिक पीएलएफएस अनुपातों में परिवर्तन अपेक्षित है, लेकिन जरूरी नहीं कि यह दीर्घकालिक प्रवृत्ति को प्रतिबिंबित करे।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में 15-29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की सामान्य स्थिति के आधार पर अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) 2017-18 में 16.6% से घटकर 2023-24 में 8.5% हो गई है, जबकि इसी अवधि में शहरी क्षेत्रों में यह दर 20.6% से घटकर 14.7% हो गई है। पीएलएफएस रिपोर्ट में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, क्षेत्रवार और माहवार जानकारी उपलब्ध है, जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की वेबसाइट https://www.mospi.gov.in/publications-reports पर देखा जा सकता है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ-आईएचडी) द्वारा जारी की गई नवीनतम उपलब्ध भारत रोजगार रिपोर्ट 2024 के अनुसार, देश के शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए वर्ष 2022 में बेरोजगारी दर 6.3% थी और इसी अवधि के दौरान देश में महिलाओं के लिए यह दर 3.3% थी।

*****